# इंडोनेशिया में बच्चों के लिए काल बनकर आया डेल्टा वेरिएंट, 800 की मौत

कहर

## पिछले कुछ सप्ताह में कोरोना वायरस से हजारों बच्चों की मौत हो गई है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जकार्ता। कोरोना वायरस का डेल्टा वेरिएंट इंडोनेशिया में बच्चों के लिए मौत बनकर आया है। पिछले कुछ सप्ताह में कोरोना महामारी से सैकड़ों बच्चों की मौत हो गई है। इनमें से कई बच्चे ऐसे हैं जिनकी उम्र 5 साल से भी कम है। इंडोनेशिया में बच्चों की मौत की दर दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं ज्यादा है। अब तक यह कहा जाता रहा था कि बच्चों को कोरोना वायरस महामारी से सबसे कम खतरा होता है।

इंडोनेशिया की इस भयावह स्थिति ने दुनिया को टेंशन में ला दिया है। इस महीने मात्र एक हफ्ते में ही 100 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई। इंडोनेशिया इस समय सबसे ज्यादा कोरोना वायरस मामलों से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चों की यह मौत ऐसे समय पर हो रही है जब पूरे दक्षिण पूर्वी एशिया में डेल्टा वेरिएंट तबाही मचा रहा है। शुक्रवार को ही इंडोनेशिया में कोरोना के 50 हजार नए मामले आए और 1566 लोगों की मौत हो गई।




**इंडोनेशिया में कुल कोरोना मामलों में 12.5 फीसदी बच्चेः** बच्चों के डॉक्टरों के मुताबिक इंडोनेशिया में कुल कोरोना के पुष्ट मामलों में 12.5 फीसदी बच्चे हैं। केवल 12 जुलाई को खत्म हुए सप्ताह में ही 150 बच्चों की मौत हो गई। इनमें से आधे बच्चे 5 साल से कम उम्र हैं। इंडोनेशिया में अभी कोरोना के 30 लाख मामले सामने आए हैं और 83 हजार लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया में कोरोना महामारी शुरू होने के बाद अब तक 800 बच्चे मारे गए हैं लेकिन इनमें से ज्यादातर की मौत पिछले महीने ही हुई है।

इस बीच दुनियाभर में कोविड –19 के मामले बढ़कर 19.4 करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से अब तक कुल 41.5 लाख लोगों की जाने गई और 384 करोड़ लोगों को कोरोना की वैक्सीन दी जा चुकी है। ये आंकड़े जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय ने जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक मामले और मरने वालों की संख्या और टीके की कुल खुराक क्रमशः 194,092,488, 4,158,316 और 3,841,936,983 है। सीएसएसई के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा मामलों और मौतों की संख्या क्रमशः 34,443,064 और 610,891 के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है।

**कोरोना से हुई मौतों के मामले में भारत तीसरे स्थान परः** कोरोना संक्रमण के मामले में भारत 31,371,901 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। सीएसएसई के आंकड़े के अनुसार 30 लाख से ज्यादा मामलों वाले अन्य सबसे प्रभावित देश ब्राजील (19,688,663), फ्रांस (6,056,388), रूस (6,049,215), यूके (5,723,393), तुर्की (5,601,608), अर्जेंटीना (4,846,615), कोलंबिया (4,727,846), इटली (4,317,415), स्पेन (4,280,429), जर्मनी (3,763,018), ईरान (3,691,432) और इंडोनेशिया (3,166,505) हैं। कोरोना से हुई मौतों के मामले में ब्राजील 549,924 मामलों के साथ दूसरे नंबर पर है।

## न्यूज डायरी





### पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनना चाहती है दाऊद की गर्लफ्रेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की कथित गर्लफ्रेंड और पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस महविश हयात अब पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। यही नहीं, वो वर्तमान प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी से बहुत प्रभावित भी हैं। महविश ने दावा किया कि इमरान खान जब से सत्ता में आए हैं, पाकिस्तान में काफी अच्छी चीजें हुई हैं। उन्होंने कहा कि अगर क्रिकेटर प्रधानमंत्री बन सकता है तो अभिनेत्री भी पीएम बन सकती है। महविश हयात से जब यह पूछा गया कि क्या आप अगले चुनाव में इमरान खान को राजनीतिक रूप से चुनौती देने जा रही हैं तो इस पर उन्होंने कहा कि मैं उन्हें चुनौती नहीं देना चाहती हूं। लेकिन बाद में किसी न किसी को तो उनकी जगह लेनी होगी और मैं प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदार हो सकती हूं। उन्होंने दावा किया कि जब से पीटीआई की सरकार पाकिस्तान में आई है, तब से समाज की सोच में बदलाव आया है।

### सऊदी अरब के विदेश मंत्री करेंगे पाकिस्तान का एक दिवसीय दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में जारी खूनी संघर्ष के बीच सऊदी अरब के विदेश मंत्री पाकिस्तान के एक दिवसीय दौरे पर जाने वाले हैं। विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) के अनुसार सऊदी विदेश मंत्री के साथ सऊदी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। दोनों देशों के बीच लंब समय से चल रहे तनाव के माहौल को दूर करने को लेकर यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। अपने पाकिस्तानी समकक्ष शाह महमूद कुरैशी के निमंत्रण पर सऊदी के विदेश मंत्री की यात्रा प्रधानमंत्री इमरान खान की मई में सऊदी अरब की यात्रा के बाद विशेष महत्व रखती है।

### चुनाव हारने पर भड़के पाक अधिकृत कश्मीर के पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कथित प्रधानमंत्री राजा फारूक हैदर विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी पीएमएल एन के इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के हाथों करारी हार के बाद भड़क गए। चुनाव परिणाम से नाराज हैदर ने कश्मीरी लोगों पर जातिगत टिप्पणी की और कहा कि 250 साल तक गुलाम रहने के बाद कश्मीरी लोगों की मानसिकता गुलामों वाली हो गई है। हालांकि राजा फारूक हैदर अपनी सीट बचाने में कामयाब हुए हैं। मरियम नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन के नेता राजा फारूक हैदर ने एक कहा कि चुनाव परिणाम यह दर्शाते हैं कि 250 साल तक गुलामी में जीने वाले कश्मीरी लोगों की मानसिकता भी बिगड़ गई है। चुनाव में राजा फारूक हैदर ने अपनी सीट बचा ली है।

### पुतिन ने दी रूसी नौसेना के अनिवार्य हमले की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर यह देश के राष्ट्रीय हित में रहा तो रूसी नौसेना शत्रुओं के लक्ष्यों पर अनिवार्य रूप से हमला करने के लिए तैयार है। क्रीमिया को लेकर अमेरिका और ब्रिटेन के साथ चल रहे तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति का यह बयान आया है। इस तनाव के बीच ही रूस ने अपने सबसे आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम–500 और जिरकॉन हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है। पुतिन ने रूसी नौसेना दिवस पर सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित एक विशाल परेड में कहा, हम पानी के अंदर, पानी के ऊपर और हवा में उड़ रहे दुश्मनों की पहचान करने में सक्षम हैं और अगर जरूरत पड़ी तो हम एक अनिवार्य हमला भी कर सकते हैं। पुतिन ने रूस के नए हथियारों को अपराजेय करार दिया है। कुछ दिन पहले ही क्रीमिया प्रायद्वीप के पास ब्रिटेन ने अपना युद्धपोत भेजने पर रूस ने अपने लड़ाकू विमान भेज दिए थे, इससे तनाव काफी बढ़ गया था।

## तालिबान ने कब्जाए इलाकों में खेला मौत का खूनी खेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान तालिबान कितना क्रूर इसको वहां के लोग बखूबी जानते हैं। जब से अमेरिका ने यहां से जाने की बात कही गई है तब से तालिबान के कदम बड़ी तेजी से अफगानिस्तान में आगे की तरफ बढ़ रहे हैं। देश के 50 फीसद से अधिक इलाके पर उसने कब्जा कर लिया है। जिन इलाकों पर उसका कब्जा हुआ है वहां पर तालिबान ने अफगान सरकार और सेना के जासूसों के शक में कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

एक मानवाधिकार संगठन द्वारा इस मामले का उठाने के बाद इसकी जांच आइसीसी शुरू कर दी है। तालिबान ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक शहर में कई निर्दोषों की हत्या कर दी है। जानकारी के मुताबिक तालिबान ने इस इलाके पर कब्जा कर यहां के लोगों को पहले हिरासत में लिया और फिर सभी को गोली मार दी। तालिबान ने यहां पर बच्चों को भी नहीं छोड़ा है।

ह्यूमन राइट वाच के मुताबिक कई लोगों का सिर भी धड़ से अलग कर दिया गया है। गोलियों से उड़ा नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की हत्या की है। यहां प्रांतीय अधिकारियों के रिश्तेदार, सेना और पुलिस के कर्मचारियों को पहले हिरासत में लिया, फिर गोली से उड़ा दिया।



### गुलाबी हुआ आर्जेटीना के झील का पानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्यूनस आयर्स। दुनियाभर में इंसानी लालच का शिकार हमारी प्रकृति को होना पड़ रहा है। ताजा मामला आर्जेटीना का है जहां दक्षिणी पटागोनिया इलाके में एक विशाल झील का पूरा पानी ही गुलाबी हो गया। विशेषज्ञों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस झील के गुलाबी होने की वजह एक केमिकल है जिसका इस्तेमाल झींगा मछली को निर्यात करने के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस झील के पानी का रंग सोडियम सल्फेट की वजह से हुआ है जो एक ऐंटी बैक्टिरियल प्रॉडक्ट है जिसका इस्तेमाल मछलियों की फैक्ट्री में किया जाता है। इसके अपशिष्ट पदार्थ को चूबूत नदी को प्रदूषित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

## कारगिल जंग में यूएस और चीन से खाली हाथ लौटे थे नवाज शरीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। प्रतिवर्ष 26 जुलाई को देश में कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना अपना लोहा मनवाया था। इसमें पाकिस्तान पराजित हुआ था। भारतीय सेना के इस जीत को जीत को आज 22 वर्ष पूरे हो गए। दोनों देशों के बीच इस युद्ध को पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेश मुशर्रफ अंजाम दिया था।

खास बात यह है कि पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ इस संघर्ष से अंत तक अंजान थे, लेकिन अपनी सत्ता को बचाने के लिए वह अमेरिका से मदद मांगने गए थे। हालांकि, अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने उन्हें किसी तरह की मदद से इन्कार कर दिया था। क्लिंटन ने कहा था कि पाकिस्तान को अपनी सेना हटानी होगी।

**चीन से निराश हुआ था पाकिस्तान**

**युद्ध के दौरान उनकी यात्रा के दो मकसदः** प्रो. हर्ष पंत का कहना है कि भारत–पाक युद्ध के दौरान शरीफ ने अमेरिका का दौरा किया था। उनकी इस यात्रा का मकसद युद्ध के दौरान कूटनीतिक मदद हासिल करना था। शरीफ ने अमेरिका को भारत के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया था। शरीफ अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान क्लिंटन से मुलाकात की थी। जाहिर है कि युद्ध के दौरान उनकी यात्रा के दो मकसद थे। पहला इस युद्ध में अमेरिका का रुख जानने की कोशिश कर रहे थे। दूसरे, वह इस अवसर की तलाश में थे कि भारत के खिलाफ अमेरिका को खड़ा किया जा सके।

**अमेरिका में कई घंटे राष्ट्रपति क्लिंटन के साथ बिताएः** इतना ही नहीं शरीफ ने अमेरिका में कई घंटे राष्ट्रपति क्लिंटन के साथ बिताए थे। प्रो. पंत ने कहा कि शरीफ चाहते थे कि इस युद्ध में अमेरिका पाक का साथ दे, लेकिन वह अपने मिशन में असफल रहे। क्लिंटन ने शरीफ से साफ कह दिया था कि पहले पाकिस्तान को करगिल में पीछे हटना होगा।

### चीन में बारिश-बाढ़ के बाद अब तूफान की दस्तक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में भारी बारिश और बाढ़ से बेहाल जनता को अब समुद्री तूफान का सामना करना पड़ रहा है। पूर्वी झेजियांग प्रांत में रविवार को तूफान इन फा ने दस्तक दी है। इस तूफान के कारण भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जिसके बाद लोगों को नए इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। वहीं, हेनान प्रांत में भारी बारिश की वजह से आई अभूतपूर्व बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। झेजियांग के स्थानीय आपदा नियंत्रण मुख्यालय ने बताया कि तूफान ने झोउशान शहर के पुतुओ जिले में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दस्तक दी। यह इस साल आने वाला छठा तूफान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने पूर्वानुमान जताया है कि तूफान झेजियांग के जियाशिंग शहर और जियांगसू प्रांत के किडोंग शहर के बीच तटीय इलाकों में दोबारा दस्तक देगा। इस बीच, 21 जुलाई को हेनान प्रांत में आई अभूतपूर्व बाढ़ में मरने वालों की संख्या 63 हो गई है और पांच लोग अभी भी लापता है।